| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज<br><br>**महेन्द्र सिंह बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार, लूणी )**<br><br>सू.अ.अ. अपील संख्या : 386/2021 | नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| 01-02-2022 | अपीलार्थी महेन्द्र सिंह पुत्र शेर सिंह चौहान निवासी रामेदवरा का बास, सर, गांव सर, तहसील लूणी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 18.11.2021 में उसके द्वारा ग्राम पंचायत सरेचां में दिनांक 01 जनवरी 1995 से 17 नवंबर 2021 तक कार्यरत पटवारी के नाम से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूंचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।<br><br>अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई।<br><br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। | |

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.08.08 14:24:37 IST
Reason: SelfAttested